भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3356

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रचार

3356. सुश्री सयानी घोष

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2015 से भारत और विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) का प्रचार करने हेतु वर्ष-वार आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पाँच वर्षों के दौरान कितने देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा आयोजित कार्यक्रमों और अनुमानित प्रतिभागियों की देश-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है; (ग) उक्त अवधि के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोहों के आयोजन के लिए विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों द्वारा किए गए व्यय का देश-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा योग, आयुर्वेद, पर्यटन और भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को बढ़ावा देने में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रभाव का कोई आकलन किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, शैक्षणिक संस्थानों, प्रमाणन कार्यक्रमों और स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(च) योग तथा अन्य पारंपरिक भारतीय स्वास्थ्य पद्धतियों की वैश्विक पहुँच का और अधिक विस्तार करने हेतु तैयार की गई रूपरेखा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई)**,** आयुष मंत्रालय, इसके स्वायत्त संगठनों और विदेशों में भारतीय मिशनों/पोस्टों द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मनाया जाता है। आयुष मंत्रालय और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के लिए किया गया वर्षवार व्यय निम्नानुसार है:

वर्ष	आईडीवाई के आयोजन के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा किया गया व्यय (करोड़ रूपये में)	विदेश में आईडीवाई के आयोजन के लिए आईसीसीआर द्वारा किया गया व्यय (करोड़ रूपये में)
2015	16.39	3.71
2016	18.03	4.96

2017	26.42	5.07
2018	15.59	6.06
2019	17.55	5.38
2020	7.70	2.29
2021	2.84	5.33
2022	22.87	7.68
2023	24.16	14.85
2024	16.45	15.96
2025	57.38	18.13

(ख) और (ग): विभिन्न देशों में भारतीय मिशनों/विदेशों में स्थित पोस्टों की सहायता से आईडीवाई मनाया गया है। आईसीसीआर द्वारा दी गई सूचना के अनुसार पिछले पांच वर्षों के दौरान कवर किए गए देशों का संख्या-वार विवरण है:

वर्ष	देशों की संख्या	किया गया व्यय (करोड़ रूपये में)
2021	166	5.33
2022	172	7.68
2023	183	14.85
2024	182	15.96
2025	163	18.13

आयोजित कार्यक्रमों और अनुमानित प्रतिभागियों की संख्या से संबंधित देश-वार और वर्ष-वार ब्यौरा संबंधित मिशनों/पोस्टों द्वारा रखा जाता है।

(घ): आईडीवाई के योग, आयुर्वेद, पर्यटन और भारत की सांस्कृतिक कूटनीति के प्रचार पर प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए कोई व्यापक मूल्यांकन नहीं किया गया है।

(ङ): सरकार अंतरराष्ट्रीय सहयोग, शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग और साक्ष्य-आधारित योग प्रोटोकॉल के विकास और प्रसार के माध्यम से विश्व स्तर पर योग को बढ़ावा देती है। एमडीएनआईवाई पारंपरिक चिकित्सा (योग) के लिए डब्ल्यूएचओ का सहयोगी केंद्र है और साक्ष्य-आधारित योग को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियां आयोजित करता है। मंत्रालय ने सांख्यिकीय साक्ष्य-आधारित योग प्रोटोकॉल के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रसार का कार्य किया है और शोधकर्ताओं और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, सेमिनारों, कार्यशालाओं और अनुसंधान पद्धति प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन और समर्थन किया है। आयुष मंत्रालय के तहत योग प्रमाणन बोर्ड (वाईसीबी) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुलभ प्रमाणन और प्रत्यायन की अपनी योजनाओं के माध्यम से विश्व स्तर पर योग को बढ़ावा देता है। इन योजनाओं के तहत, वाईसीबी ने 08 देशों में योग संस्थानों को मान्यता दी है और 95 देशों के योग पेशेवरों को प्रमाणित किया है। ये पहलें अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समर्थन करती हैं और दुनिया भर में शास्त्रीय योग और आरोग्य को बढ़ावा देने में योगदान करती हैं।

(च): योग और अन्य पारंपरिक भारतीय स्वास्थ्य पद्धतियों को मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, संस्थागत सहयोग, अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित प्रोटोकॉल के प्रसार के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है। इस संबंध में कोई अलग रोडमैप तैयार नहीं किया गया है।

*****